लोक सभा अध्यक्ष ने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने के लिए सैखोम मीराबाई चानू को बधाई देने में सदन की अगुवाई की

नई दिल्ली, 26 जुलाई, 2021: लोक सभा की कार्यवाही की अध्यक्षता करते हुए, माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारोत्तोलन में रजत पदक जीतने के लिए सुश्री सैखोम मीराबाई चानू को सदन की ओर से बधाई दी।

अपने संदेश में, श्री बिरला ने कहा: " मुझे आपको सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि सुश्री साइखोम मीराबाई चानू ने ओलिंपिक खेलो में भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भारत के लिए रजत पदक जीता है। इन खेलों में देश के लिए यह पहला पदक है। मैं अपनी ओर से तथा सदन की ओर से सुश्री चानू को बधाई देता हूँ तथा आशा करता हूँ की अन्य खिलाड़ी भी अपनी अपनी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और देश का नाम ऊंचा करेंगे।"